# राष्ट्रीय सेवा योजना

## शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

**प्रतिवेदन**
**शिक्षक पालक मीटिंग 2022**
**दिनांक 08 फरवरी 2022**

शासकीय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन*

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आइक्यूएसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वधान में दिनांक 8 फरवरी 2022 दिन मंगलवार को छात्र छात्राओं के अभिभावक और अध्यापकों की ऑनलाइन बैठक का कार्यक्रम रखा गया। विगत 3 वर्षों से कोविड-19 की विभिन्न प्रतिकूल परिस्थितियों से गुजरते हुए ऑनलाइन बैठक गूगल मीट के माध्यम से रखी गई। इस कार्यक्रम में 97अभिभावकों ने ऑनलाइन जुड़कर अपने बच्चों की गतिविधियों और उनके परिणामों की जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम ने सभी प्राध्यापकों को निर्देश दिए कि कक्षावार विषयवार प्रत्येक छात्र छात्राओं का प्रगति प्रतिवेदन तैयार किया जाए ताकि छात्र छात्राओं की गतिविधियों के बारे में अभिभावकों के साथ विस्तार से विचार विमर्श करके छात्रों की कमियां दूर कर सकें और उनकी पढ़ाई का स्तर, खेलों में भागीदारी तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी अभिरुचियों को बढ़ाया जा सके। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक श्री बी. डी. चांडक ने महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अभिभावकों का स्वागत किया तथा उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं का व्यक्तित्व विकास एवं बौद्धिक विकास के लिए यह बैठक अति महत्वपूर्ण है जिसमें माता-पिता प्राध्यापकों या छात्रों के सामने आने वाली किसी समस्याओं का समाधान कैसे किया जाए इस पर चर्चा दोनों पक्षों में होनी चाहिए और उन्होंने इस बैठक में शिक्षक अभिभावक के 10 महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

कोविड19 के दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हुई जैसे आक्रमक व्यवहार, चिड़चिड़ापन तथा पढ़ने में मन न लगना एवं याद करने में कमी होना जिसके लिए महाविद्यालय स्तर में जिला चिकित्सालय नारायणपुर में पदस्थ श्रीमती प्रीति चांडक क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट को निशुल्क छात्र परामर्श हेतु ऑनलाइन/ऑफलाइन परामर्श हेतु आमंत्रित किया गया। किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए सप्ताह के प्रत्येक सोमवार समय सायं 4:00 से 5:00 तक टेलिफोनिक के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक की इस पहल को अभिभावकों ने खूब सराहना की और महाविद्यालय की वेबसाइट में उपलब्ध अभिभावक फीडबैक कॉलम में अपनी प्रतिक्रिया दिए तथा यह भी बताया कि विगत 5 वर्षों से शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर छात्र-छात्राओं का हर तरह से विकास किया जा रहा है तथा हमारे बच्चे के सर्वांगीण विकास की कोशिश को को देखकर हमें सच में बहुत ही खुशी मिली है और हम संतुष्ट हुए हैं कि हमारे बच्चे रैगिंग मुक्त और नशा मुक्त माहौल में पढ़ते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा बताए गए सही मार्गदर्शन पर चल रहे हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अध्यापक तथा छात्र छात्राओं के अभिभावक ने अपनी उपस्थिति दिए तथा कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री बी. डी. चांडक ने किया।

BDChandak
08/02/2022
बी. डी. चांडक
COORDINATOR (IQAC)
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

GOVT. SWAMI ATMANAND PG COLLEGE NARAYANPUR (CG)

8.2.2022
(डॉ. एस. आर. कुंजाम)
प्राचार्य
Principal
Govt. Swami Atmanand Post Graduate College Narayanpur (C.G)
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)


shal
Vanita
lomas
You
Sr 91
Dhanesh Uikey
Khileshwari
Sr
15:37
Vanita
Sr
Harisc...
You
V 95 others
eople
Info
Bhagwan Chandak (You
Meeting host
AARADHANA D...
Abhinay Nag
Aghan Nureti
Akanksha Chou...
Ambika Patra
Anesh Kashyap
anil dugga
Anjali Yadav
anjani Ma
ankit uike
You